पत्र संख्या–11/आ०–न्याय–73/2024 (खंड) सा०प्र० 20251 /

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

रजनीश कुमार,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव।
सभी विभागाध्यक्ष।
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त।
सभी जिला पदाधिकारी।
सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।
सचिव, कर्मचारी चयन आयोग, पटना।
सचिव, बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना।
सचिव, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।
परीक्षा नियंत्रक, बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, पटना।
निबंधक, महाधिवक्ता, बिहार का कार्यालय, उच्च न्यायालय, पटना।
सचिव, बिहार राज्य निर्वाचन आयोग, पटना।
सचिव, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना।
सचिव, बिहार राज्य विश्व विद्यालय सेवा आयोग, पटना।
सचिव, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना।
सदस्य सचिव, पिछड़े वर्गो के लिए राज्य आयोग, पटना।
सचिव, अति पिछडे वर्गो के लिए राज्य आयोग, बिहार, पटना।
सचिव, राज्य अनुसूचित जाति आयोग, बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक 18.12.24

विषयः– **माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सिविल अपील संख्या–18802/2017, डॉ० भीम राव अम्बेडकर विचार मंच, बिहार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य तथा सम्बद्ध एस०एल०पी० (सी०) संख्या–18294/2021 आशीष रजक बनाम राज्य सरकार एवं अन्य के मामले में दिनांक–15.07.2024 को पारित आदेश के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करने के संबंध में।**

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सिविल अपील संख्या–18802/2017, डॉ0 भीम राव अम्बेडकर विचार मंच, बिहार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य तथा सम्बद्ध एस0एल0पी0 (सी0) संख्या–18294/2021 आशीष रजक बनाम राज्य सरकार एवं अन्य के मामले में दिनांक–15.07.2024 को पारित आदेश एवं विद्वान महाधिवक्ता, बिहार से प्राप्त परामर्श के आलोक में विभागीय परिपत्र संख्या–12679 दिनांक–09.08.2024 द्वारा तांती (ततवा) जाति को अनुसूचित जाति कोटि से वापस करते हुए इसे मूल कोटि अत्यंत पिछड़ा वर्ग में शामिल करने के संबंध में दिशा–निदेश परिचारित किए गए हैं।

उक्त क्रम में विभागीय संकल्प संख्या–9532 दिनांक–01.07.2015 की तिथि से माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के आदेश दिनांक–15.07.2024 की तिथि तक विभिन्न नियुक्ति आयोगों द्वारा की गयी अनुशंसाओं की संपूर्ण वरीयता सूची (Merit List) में उपलब्ध

अनुसूचित जाति वर्ग के शेष अभ्यर्थियों में से उत्पन्न वर्तमान रिक्ति के विरूद्ध चयन हेतु व्यवहारिक व्यवस्था बनाने के लिए मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–22.11.2024 को संपन्न बैठक मे विभिन्न नियुक्ति आयोगों/विभागों से सुझाव प्राप्त किए गए। प्राप्त सुझावों को दृष्टिपथ रखते हुए सम्यक् विचारोपरांत निम्नंवत निर्णय संसूचित किए जाते हैं–

(i) वर्णित अवधि में वैसे कर्मी/पदाधिकारी– जो राज्याधीन सेवाओं में अनुसूचित जाति कोटि से नियुक्त होकर वर्तमान में कार्यरत हैं– उन सभी से उनकी जाति के संबंध में प्रशासी विभाग के द्वारा विहित प्रपत्र (संलग्न) में स्व–घोषणा पत्र/शपथ पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई 01 माह में सुनिश्चित की जाएगी। उस आधार पर विनिश्चत किया जाएगा कि तांती (ततवा) जाति के कौन–कौन कर्मी, अनुसूचित जाति की रिक्ति के विरूद्ध नियुक्त हुए हैं।

(ii) प्रशासी विभाग के द्वारा स्व–घोषणा पत्र/शपथ पत्र प्राप्त कर तांती (ततवा) जाति के चिह्नित कर्मियों/पदाधिकारियों के अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कोटि में स्थानान्तरण के फलस्वरूप अनुसूचित जाति कोटि में उत्पन्न रिक्ति के विरूद्ध सुसंगत विज्ञापन के अन्तर्गत शेष अनुसूचित जाति की संधारित प्रतीक्षा सूची में से नियुक्ति हेतु संबंधित आयोग को समुचित अधियाचना प्रस्ताव भेजी जाएगी।

एतद संबंधी कार्रवाई हेतु विहित प्रपत्र संलग्न करते हुए अनुरोध है कि संबंधित विभाग एवं आयोग समन्वय स्थापित कर अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने की कृपा करें।

**अनु0 यथोक्त।**

विश्वासभाजन

18/12/24

(रजनीश कुमार)

सरकार के संयुक्त सचिव।

FILE PATH-C/Mohni – HINDI LETTER

## संबंधित आयोग एवं विभाग के बीच पत्राचार हेतु विहित प्रपत्र :–

| क्रम सं० | अनुशंसी आयोग | विज्ञापन सं० | नियुक्त अनु०जाति के कर्मी / पदाधिकारी का नाम | संवर्ग / पदनाम | विभाग का नाम | नियुक्त कर्मी / पदाधिकारी अनु०जाति वर्ग में तांती (ततवा) जाति से संबंधित हैं– (हाँ / नहीं) | अनु०जाति कोटि में तांती (ततवा) जाति के नियुक्त कर्मियों / पदाधिकारियों की सं० | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | कुल संख्या | | |

प्रभारी पदाधिकारी का हस्ताक्षर

........................................ सेवा अंतर्गत तांती (ततवा) जाति के कार्यरत पदाधिकारी से संबंधित

# स्व–घोषणा पत्र

1. नाम –
2. जन्म तिथि–
3. पदनाम–
4. विभाग / कार्यालय का नाम–
5. कोटि क्रमांक–

मैं एतद द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि मैं तांती (ततवा) जाति का सदस्य हूँ / नहीं हूँ।

तिथि–

स्थान–

हस्ताक्षर–

पूरा नाम–

विभाग / कार्यालय का नाम–